समाचार

मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना

24 फरवरी को वार्ड क्र. 09, 30, 37, 62 में पहुंचेगी मोबाईल मेडिकल यूनिट

(अब तक 532 शिविरों के माध्यम से की गई 27531 लोगों की जांच एवं मुफ्त में इलाज)

कोरबा 23 फरवरी 2021 – छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत 24 फरवरी बुधवार को वार्ड क्र. 09, 30, 37, 62 के निर्धारित स्थलों में मोबाईल मेडिकल टीम पहुंचकर शिविर लगाएगी तथा लोगों की मुफ्त जांच एवं निःशुल्क इलाज करेगी, वहीं अब तक 532 शिविरों के माध्यम से कोरबा निगम क्षेत्र में 27531 व्यक्तियों की मुफ्त जांच एवं उनका निःशुल्क इलाज किया जा चुका है।

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा स्लम क्षेत्र में रहने वाले लोगों को उनकी बस्ती घर एवं दुवार पहुंचकर गुणवत्तापूर्ण निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श, उनकी जांच एवं विभिन्न बीमारियों का इलाज व दवाईयां उपलब्ध कराने हेतु जनकल्याणकारी योजना मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना क्रियान्वित की गई है। योजना के तहत डाक्टर, नर्स तथा अन्य मेडिकल स्टाफ व दवाईयों के साथ मोबाईल मेडिकल यूनिट स्लम क्षेत्रों में पहुंच रही है तथा वहां के निवासियों की निःशुल्क जांच व विभिन्न बीमारियों का इलाज कर रही है। नगर निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत विगत 06 नवम्बर से मोबाईल मेडिकल यूनिट निर्धारित कार्यक्रम के तहत वार्डो एवं बस्तियों में पहुंच रही है, वहीं अब तक निगम क्षेत्र में 532 शिविरों के माध्यम से 27531 व्यक्तियों की मुफ्त जांच एवं उनकी विभिन्न बीमारियों का इलाज किया गया।

बुधवार 24 फरवरी को इन स्थानों पर पहुंचेगी मेडिकल यूनिट– निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 24 फरवरी 2021 बुधवार को वार्ड क्र. 09 भिलाईखुर्द कर्रानाला सामुदायिक मंच भिलाईखुर्द नम्बर–1, वार्ड क्र. 30 मानिकपुर दादरखुर्द सार्वजनिक भवन नीचे मोहल्ला, वार्ड क्र. 37 डुग्गूपारा रामबाई घर के पास स्टेज, वार्ड क्र. 62 नरईबोध स्कूल के पास मोबाईल मेडिकल यूनिट पूरे साजो–सामान के साथ पहुंचेगी तथा प्रातः 08 बजे से अपरांह 03 बजे तक लोगों की निःशुल्क जांच एवं उनकी बीमारियों का मुफ्त में इलाज करेगी।

24 फरवरी को बालको जोन कार्यालय में निदान शिविर– निगम द्वारा आयोजित किए जा रहे जनसमस्या निवारण शिविर '' निदान '' के आयोजन की अगली कड़ी में 24 फरवरी को बालको जोन कार्यालय में शिविर लगाया जाएगा। इसी प्रकार 26 फरवरी को दर्री जोन कार्यालय में, 01 मार्च को सर्वमंगला

जोन कार्यालय में एवं 03 मार्च को बांकीमोंगरा जोन कार्यालय में निदान शिविर आयोजित होगा। निगम द्वारा संबंधित वार्डो के नागरिकों से अपील की गई है कि वे इन शिविरों में पहुंचे, अपनी समस्याएं बतायें ताकि उनका त्वरित निदान किया जा सके।